12-निरीक्षण के समय बाग स्वामी/साक्षी का विवरण:- निरीक्षणकर्ता के

हस्ताक्षर

1-नाम- दीपिका त्यागी

2-पिता का नाम- सतीश त्यागी

3-पता- मयूर विहार, आर्य नगर

4-मो0नं0- 9837100481

हस्ताक्षर

नाम-

पदनाम- प्रभारी उ0स0द0केन्द्र बहादराबाद

कार्यालय-प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र

पत्रांक 102 /पातन/ 24-25 दिनांक हरिद्वार 03-12-2024

प्रतिलिपि-मुख्य उद्यान अधिकारी महोदय की सेवा में निरीक्षण आदेश संख्या 3289 दिनांक 19/424 के क्रम में आवेदक के मूल दस्तावेज सहित निरीक्षण आख्या की मूल प्रति सलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

संलग्नः-

बाग का निरीक्षण समिति द्वारा किया गया है। अतः जॉच आख्या उपरोक्तानुसार प्रेषित।

A.H.O

M.I

ह0

नाम-

पदनाम- प्रभारी

कार्यालय की मुहर उ0स0द0केन्द्र बहादराबाद

Scanned with CamScanner

## आदेश

भारतीय संविधान की धारा 299 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड सरकार की वेज्ञप्ति संख्या 765/7–127/1965 दिनांक 27.04.1983 एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के साथ पठित 3–6 में (उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड सरकार के राज्यपाल के अनुसार) दिये गये अधिकारों के अनुसार अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूति वचनबद्ध करने एवं अवमुक्त करने हेतु प्राधिकृत है।

उपरोक्त क्रम में श्रीमति दीपिका त्यागी पत्नी श्री सतीश त्यागी निवासी मयूरविहार आर्यनगर, ज्वालापुर मौजा बहादराबाद, जिला हरिद्वार ने अपने आवेदन पत्र दिनांक 09.10.2024 के द्वारा 25 आम के पातन हेतु आवेदन किया गया है, पातन हेतु आवेदित 25 वृक्षों का निरीक्षण प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र, बहादराबाद से कराया गया है निरीक्षण आख्यानुसार आवेदित वृक्षों के सापेक्ष कुल 25 आम वृक्ष पातन योग्य पाये गये, सम्बन्धित बाग स्वामी, पातन के उपरान्त पुराने पेड के एवज में नये पेड लगाने हेतु रू0 250.00 प्रति वृक्ष की दर से कुल 25 वृक्ष की धनराशि रू0 6250.00 मुख्य उद्यान अधिकारी हरिद्वार के पक्ष में बन्धक कराते हुये डाकघर के बचत पत्र/बैंक सावधि जमा, मूल रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त आदेश संबन्धित प्रभारी द्वारा प्राप्त संस्तुति के क्रम में जारी की जा रही है। इस आदेश में उल्लेखित फलदार वृक्ष की संख्या से अधिक वृक्षों के पातन किये जाने पर यह स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जायेगी एवं नियम संगत वैधानिक कार्यवाही अपनाई जायेगी एवं भूमि पर किसी भी प्रकार के वाद/विवाद की स्थिति को यदि आवेदनकर्ता के द्वारा अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में नहीं लाया जाता है या जानबूझकर छिपाया जाता है तो पातन अनुज्ञा निरस्त कर दी जाएगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आवेदनकर्ता की होगी एवं यदि पुराने पेडों के एवज में नये पेड नहीं लगाये जाते हैं तो बचत पत्र विभाग के नाम जब्त की जायेगी।

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार।

### कार्यालय मुख्य उद्यान अधिकारी हरिद्वार

पत्रांक 3662/पातन–जमानत/2024–25 दिनांक हरिद्वार 10/12/2024।

प्रतिलिपिः– 1– श्रीमति दीपिका त्यागी पत्नी श्री सतीश त्यागी निवासी मयूरविहार आर्यनगर, ज्वालापुर मौजा बहादराबाद, जिला हरिद्वार को उक्तानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2– डाकपाल, डाकघर, बहादराबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
3– शाखा प्रवन्धक, बहादराबाद को सूचनार्थ।

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार।
9/12/24

# कार्यालय – मुख्य उद्यान अधिकारी हरिद्वार।

पातन अनुज्ञा संख्या /फ0वृ0पा0/2024–25 दिनांक 16/12/2024 हरिद्वार 2024

## पातन अनुज्ञा

उत्तराखण्ड शासन वन एवं पर्यावरण अनुभाग–3 के पत्र संख्या 927/X-3-12/दिनांक 03.12.2012 एवं उत्तर प्रदेश अधिनियम 45/1976 यथावृत्त की धारा–3 की उपधारा(III) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित को निम्न शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन पातन अनुज्ञा निर्गत की जाती है।

1–अधोलिखित प्रार्थी श्रीमति दीपिका त्यागी पत्नी श्री सतीश त्यागी निवासी मयूरविहार, आर्यनगर ज्वालापुर मौजा बहादराबाद, जिला हरिद्वार ने अधोहस्ताक्षरी से अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 09.10.2024 के द्वारा अपनी निजी भूमि में स्थित बाग से फल वृक्षों के पातन की अनुज्ञा मांगी गई है।

2–अधोहस्ताक्षरी ने प्रभारी उ0स0द0 केन्द्र, बहादराबाद से बाग/पातन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करा लिया है व स्वयं को संतुष्ट कर लिया है।

3–अधोलिखित पेड प्रार्थी की व्यक्तिगत भूमि में स्थित बाग में खडे हैं।

4–ये पेड पूर्णतः प्रतिबन्धित प्रजाति के हैं तथा हरे हैं। ये फलदार/मूल्यवान प्रकाष्ठ के हैं, जो पुराने/विभिन्न प्रकार के रोगों से रोगग्रस्त हैं जिनकी फलदाई क्षमता में भरपूर गिरावट आ चुकी है तथा बाग स्वामी के लिये अलाभकारी है।

5–अतः अधोलिखित प्रार्थी को इन वृक्षों के पातन की अनुज्ञा प्रभारी उ0स0द0 केन्द्र बहादराबाद हरिद्वार की संस्तुति के आधार पर एतद्द्वारा दी जाती है तथा अनुज्ञा जारी होने के दिनांक से 15 दिन की अवधि के लिये वैध होगी। एवं अनुज्ञा में उल्लेखित संख्या से अधिक पातन करने पर यह स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जायेगी एवं विधी संगत कार्यवाही अपनायी जायेगी। किसी भी प्रकार के वाद/विवाद की स्थिति को अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में नहीं लाया जाता है या जानबूझकर छिपाया जाता है तो इस स्थिति में पातन अनुज्ञा निरस्त समझी जायेगी।

6–उस भूमि का विवरण जिस पर पातन हेतु अनुज्ञा दी जानी है(खसरा खतौनी की नवीनतम सत्यापित प्रतिलिपि/शपथ–पत्र व नक्शा) जो इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है का विवरण निम्न प्रकार है:–

| जिला | तहसील | थाना | ग्राम | खाता/खतौनी/खसरा नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| हरिद्वार | हरिद्वार | बहादराबाद | बहादराबाद | 335/1 व 335/2 |

7– वृक्षो का खसरा नम्बरवार विवरण जिनके पातन की अनुज्ञा दी जाती है:–

| बाग स्वामी का नाम व पता | खसरा संख्या | खसरे में कुल वृक्षों की संख्या तथा प्रजाति | वृक्षों का विवरण (गोलाई फिट में) | | | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 0–1 | 1–2 | 2–3 | 3–4 | 4–5 | 5–6 | 6–7 | 7 से ऊपर | |
| दीपिका त्यागी पत्नी श्री सतीश त्यागी निवासी मयूरविहार, आर्यनगर ज्वालापुर मौजा बहादराबाद, जिला हरिद्वार | 335/1 व 335/2 | 25 आम बीजू | 00<br>00 | 00<br>00 | 00<br>00 | 00<br>00 | 04<br>00 | 08<br>00 | 10<br>00 | 03<br>00 | 25<br>00 |
| | | योग– | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 | 08 | 10 | 03 | 25 |

8–प्रार्थी ने 250/प्रति पेड की दर से कुल 22 आम वृक्षो के सापेक्ष रू0 6250.00 जमानत इस उद्देश्य से अधोहस्ताक्षरी को निरूपित कर दी है कि प्रत्येक काटे गये वृक्षों के बदले दो वृक्ष सफलता पूर्वक लगायेगा। यह धनराशि रू0, 6250.00 इंडियन बैंक हरिद्वार के खाता संख्या0 7929810499 से दिनांक 10.12.2024 को जमा हो गई है। यह जमानत एक वर्ष पश्चात पौधों की सफलता का निरीक्षण करने के बाद ही वापस की जा सकती है। फल वृक्षों का निरीक्षण सम्बन्धित प्रभारी उ0स0द0 केन्द्र बहादराबाद से कराने के उपरान्त विधिवत निकासी ली जाये।

9–यदि प्रार्थी द्वारा पेड पातन उपरान्त नये वृक्षों का रोपण न करके कालोनी का निर्माण किया जाता है तो आपकी जमानत धनराशि जब्त कर दी जायेगी। एवं विधी संगत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

10–पातन अनुज्ञा में दी गयी वृक्षों की संख्या से अधिक पेड काटने पर कृषक एवं आवेदन पत्र में अनुबन्धित ठेकेदार के विरूद्ध सम्बन्धित थाने में एफ0आई0आर0 की जायेगी।

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार

पत्रांक 3478 /उक्त दिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रार्थी अथवा उनके प्रतिनिधि को उनके आवेदन पत्र दिनांक 09.10.2024 के कम में इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार निर्धारित समय के अन्तर्गत पातन करना सुनिश्चित करें, निर्धारित समय के पश्चात अनुज्ञा स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।

2– प्रभारी उ0स0द0 केन्द्र बहादराबाद को इस निर्देश के साथ कि चिन्हित वृक्षों के पातन के उपरान्त मौके का स्थलीय निरीक्षण कर इस बात की पुष्टि करेगें कि बाग स्वामी द्वारा मौके पर पातन हेतु चिन्हित वृक्षों से अधिक वृक्षों का पातन तो नही किया गया है तथा पातन उपरान्त जी0ई0आ0 टैग फोटो संलग्न करते हुये सम्बन्धित जॉच आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3– सम्बन्धित थानाध्यक्ष।

4– उपजिलाधिकारी हरिद्वार

5– प्रभागीय वनाधिकारी,वन प्रभाग हरिद्वार को सूचनार्थ प्रेषित।

6– वन क्षेत्राधिकारी बहादराबाद

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार

Annexure - 11

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार

दूरभाष/फैक्स 01334 226271, email : dfo_hardwar@rediffmail.com

पत्रांक : 3114 /23–3, हरिद्वार दिनांक : 20/12/2024

## पातन अनुज्ञा

✓श्रीमती दिपिका त्यागी पत्नी श्री मूदित त्यागी, निवासी–मयूर विहार ज्वालापुर, पो0 व थाना रानीपुर तहसील व जिला हरिद्वार के आवेदन पत्र के क्रम में उनके निजी नाप भूमि के खसरा सं0 335 में स्थित बहादराबाद जिला हरिद्वार में खड़े सेमल(हरा खड़ा) प्रजाति के 01 वृक्ष के पातन हेतु वन क्षेत्राधिकारी, हरिद्वार रेंज द्वारा अपने पत्रांक–286/23–3, दिनांक 22.11.2024 की रिपार्ट/संस्तुति पर उप प्रभागीय वनाधिकारी, हरिद्वार द्वारा संस्तुति कर प्रेषित की गई है। वन क्षेत्राधिकारी, हरिद्वार के पत्रांक 354/23–3, दिनांक 18.12.2024 से छपान रिपोर्ट मय एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0(सं0 7935439310) सहित इस कार्यालय को प्रस्तुत की गयी है। उपरोक्त संस्तुति एवं जाँच उपरान्त उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976, (उत्तराखण्ड में यथा–प्रवृत्त) की धारा–5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न विवरणानुसार वृक्षों की पातन अनुमति एतद् निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है।

| क्र0सं0 | वृक्ष प्रजाति | व्यास वर्ग | कुल संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सेमल(हरा खड़ा) | 9 से ऊपर | 01 | वन क्षेत्राधिकारी, हरिद्वार रेंज की जांच आख्यानुसार उक्त वृक्ष काफी पुराना होने के कारण गिरने का खतरा बना हुआ है। |

1– उक्त वृक्ष पातन की अनुमति निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन दी जाती है –

1. पत्र जारी होने के बाद <u>07</u> दिन तक के लिए यह पातन अनुज्ञा वैद्य होगी। भू–स्वामी द्वारा निश्चित रूप से इस अवधि में वृक्षों का पातन करना होगा। उक्त <u>07</u> दिनों के बाद वृक्ष पातन हेतु कोई अवधि विस्तार नहीं दिया जायेगा।
2. उक्त वृक्षों की पातन अनुज्ञा उत्तराखण्ड शासन वन अनुभाग–3 संख्या 115/X-3-24/05(11)/2022, दिनांक 11 मार्च 2024 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अपना समुपयोज्य व्यास प्राप्त करने के उपरान्त ही निर्गत की जा रही है।
3. पत्र जारी होने के 01 माह के अन्दर उक्त वृक्षों के पातन के पश्चात आवश्यकतानुसार उत्तराखण्ड इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज अभिवहन नियमावली–2012 के प्राविधानानुसार प्रकाश्ठ की निकासी हेतु सम्बन्धित रेंज कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
4. उक्त पेड़ों के पातन स्थलों का किसी भी समय वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारी द्वारा निरीक्षण किया जा सकेगा।
5. उक्त वृक्षों के पातन हेतु भू–स्वामी द्वारा अपने आवेदन पत्र में किसी भी पत्र में तथ्य का किसी भी मय असत्य पाये जाने पर पातन अनुज्ञा को निरस्त माना जायेगा।
6. उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की धारा–7 के प्राविधानानुसार प्रत्येक पातित वृक्ष के सापेक्ष दुगने संख्या में पौधों का रोपण चिहित स्थलों पर भू–स्वामी द्वारा स्वयं के व्यय पर किया जायेगा। रोपित पौधों की देख–रेख सम्बन्धित भू–स्वामी द्वारा किया जायेगा। वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन प्रजाति का चयन व रोपित पौध की जीवितता सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
7. वृक्ष के स्वामित्व को लेकर यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो विभाग इसका जिम्मेदार नहीं होगा।
8. पातन सूर्योदय के बाद व सूर्यास्त तक ही मान्य होगी।
9. यह सुनिश्चित कर लेवे कि यह पातन अनुज्ञा केवल उक्त वृक्ष के लिये ही है। इसकी आड़ में अन्य वृक्षों का पातन न हो।
10. आवेदक को वृक्षों के पातन की अनुमति इस प्रतिबन्ध के साथ दी जाती है कि पातन उपरान्त सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारी व उप प्रभागीय वनाधिकारी के निरीक्षण के पश्चात ही पातित वृक्षों की जड़ों का खुदान किया जाये।
11. **शर्तों का उल्लघंन होने पर पातन अनुज्ञा स्वतः निरस्त हो जायेगा एवं समस्त प्रकाश्ठ को अवैध मानते हुए कार्यवाही की जायेगी।**

प्रभागीय वनाधिकारी,
हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार

पत्रांक : 3114 /(1) तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. उप प्रभागीय वनाधिकारी, हरिद्वार।
2. उप जिलाधिकारी, हरिद्वार।
3. वन क्षेत्राधिकारी, हरिद्वार रेंज।
4. सम्बन्धित थाना प्रभारी।
5. श्रीमती दिपिका त्यागी पत्नी श्री मूदित त्यागी, निवासी–मयूर विहार ज्वालापुर, पो0 व थाना रानीपुर तहसील व जिला हरिद्वार।

प्रभागीय वनाधिकारी,
हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार

Annexure - 12

कार्यालय मुख्य उद्यान अधिकारी हरिद्वार।

पत्रांक 459 /विविध/2022–23/दिनॉक 27/05/2022।

सेवामें,

मुख्य कृषि अधिकारी
हरिद्वार।

विषय– सहारा इण्डिया लि0 में ग्राम बहादराबाद तहसील व जिला हरिद्वार में आम के बाग में पेड सूखाने वाली दवा/तेजाब द्वारा 50 पेडों को सूखाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक 296/मु0कृ0अ0/नमामि गंगे/2022–23/ दिनॉक 21.05.2022 के कम में अवगत कराना है कि प्रार्थी सुनील कुमार चौहान, भारत माता अभिनन्दन संगठन उत्तराखण्ड बहादराबाद के शिकायती प्रत्र पर प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र बहादराबाद द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक 283/निरीक्षक/दिनॉक 28.03.2022 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये मौखिक निर्देशों के कम में बहादराबाद बाइपास हाइवे पर सहारा ग्रुप के आम बागो का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें बाग मालिको द्वारा बाग पर जहरीली रसायन स्प्रे किया गया की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई तदपश्चात बाग मालिक ए0एस0 बिष्ट निवासी एफ–102 लक्ष्मीपार्क नागलोई दिल्ली द्वारा अपने बाग में ठेकेदार द्वारा मेरी अनुपस्थिति में आम के वृक्षों का पातन कर देनी की सूचना इस कार्यालय को दिनॉक 06.05.2022 को दे दी गई जिस पर प्रभारी बहादराबाद द्वार रू0 5000.00 प्रति वृक्ष की दर से 83 वृक्ष का अर्थदण्ड जमा कराने की संस्तुति की गई के कम में इस कार्यालय के पत्रांक 267/अवैध पातन/दिनॉक 06.05.2022 को बाग मालिक श्री ए0एस0 बिष्ट निवासी एफ–102 लक्ष्मीपार्क नागलोई दिल्ली को अर्थ दण्ड (रू0 415000.00)जमा करने का आदेश निर्गत किया गया तथा अर्थदण्ड भी विभागीय लेखाशीर्षक में जमा करा दिया गया।

अतः उक्त प्रकरण में कि गयी कार्यावाही की सूचना प्रेषित की जा रही है।

संलग्न–उपरोक्त पत्रांक की छाया प्रति–3

भवदीय

27/05/2022

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार।

पत्रांक 459 /तद्दिनॉकित।

प्रतिलिपि– श्री सुनील कुमार चौहान, भारत माता अभिनन्दन संगठन उत्तराखण्ड बहादराबाद–249402 को सूचनार्थ प्रेषित।

27/05/2022

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार।

प्रेषक,

मुख्य कृषि अधिकारी,
हरिद्वार।

सेवा में,

मुख्य उद्यान अधिकारी,
हरिद्वार।

पत्रांक :–296 /मु0कृ0अ0/नमामि गंगे/2022–23/दिनांक– 21-5-2022

**विषय :–** **सहारा इण्डिया लि0 में ग्राम बहादराबाद तहसील व जिला हरिद्वार में आम के बाग में पेड़ सूखाने वाली दवा/तेजाब द्वारा 50 पेड़ों को सूखाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि प्रार्थी सुनील कुमार चौहान, भारत माता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड बहादराबाद द्वारा उक्त के सम्बन्ध में जो शिकायत प्रार्थी द्वारा की गई है। प्रार्थी का शिकायती पत्र मूलरूप में आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(विजय देवराड़ी)
मुख्य कृषि अधिकारी,
हरिद्वार।

पत्रांक–............/उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि:–श्री सुनील कुमार चौहान, भारत माता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड बहादराबाद–249402 को उनके शिकायती पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य कृषि अधिकारी,
हरिद्वार।

(2105) मुख्य कृषि अधिकारी
हरिद्वार

सेवा में,

दिनांक : 20.4.22

**श्रीमान मुख्य सचिव,**

उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।

(देवेन्द्र सिंह चौहान)
अनु सचिव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग–2
संख्या–GE/(C) 3993/XXV-2/2022( )
दिनांक 04/05/2022

**विषय : सहारा इण्डिया लि0 ने ग्राम बहादराबाद तहसील व जिला हरिद्वार में आम के बाग में पेड़ सुखाने वाली दवा/तेजाब द्वारा 50 पेड़ों को सुखाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन है कि सहारा इण्डिया लि0 ने ग्राम बहादाबाद, तहसील व जिला हरिद्वार के लगभग 500 बीघे जमीन वर्ष 2005 में खरीद ली गई जिसमें अधिकांश में बाग, आम के पेड खेड़े है। सहारा इण्डिया लि0 कम्पनी ने बाग आम को समाप्त करने तथा वहां पर रेजीडेन्शल कालोनी के लिए बाग आम के 50 पेड़ों को जो खसरा नं0 316, 317, 318, 319 व 320 में दर्ज हैं को दवाई डालकर सुखा दिया है जिस पर ब्लाक बहादराबाद के उद्यान प्रभारी मासूम अली ने घूस लेकर मामले को रफा–दफा कर दिया है। इसी प्रकार वन विभाग बहादराबाद हरिद्वार ने इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की है।

अत: निवेदन है कि उक्त खसरा नम्बरों को अवलोकन कर सहारा इण्डिया लि0, उद्यान विभाग, वन विभाग पर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

धन्यवाद!

**प्रतिलिपि :**

1. माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।
2. जिलाधिकारी, हरिद्वार
3. सचिव (वन) देहरादून।
4. मुख्य वन संरक्षक, देहरादून।
5. वन अधिकारी हरिद्वार
6. मुख्य उद्यान अधिकारी, रोशनाबाद, हरिद्वार

प्रार्थी

सुनील

**(सुनील कुमार चौहान)**

भारत माता अभिनन्दन संगठन

उत्तराखण्ड, बहादराबाद – 249402

298
17/05/22

श्री संजय कुमार वर्मा

Kindly forward to CHO - Haridwar for n/a.
CAO

CAO
11/5

कार्यालय : प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र बहादराबाद
पत्रांक 283 / बाग निरीक्षण / 2021-22 / दिनांक 28-3-2022
सेवा मे

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार

विषय :- सहारा ग्रुप के आम बाग का निरीक्षण उपरान्त आख्या का प्रेषण विषयक ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके द्वारा दिये गये मौखिक निर्देशों के क्रम मे मेरे द्वारा बहादराबाद बाइपास हाइवे पर सहारा ग्रुप के आम बागो का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमे बाग मालिको द्वारा अपने आम बाग पर जहरीली रसायन का स्प्रे किये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी।

उक्त बगीचे मे निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि आम के करीब 100 वृक्षो पर किसी रसायन (अज्ञात) का स्प्रे किया गया है जिस कारण पौधों की पत्तीयाँ पीली पड़कर मुड़ने लगी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा मौके पर उपस्थित एक व्यक्ति से वार्ता की गयी जिसने अपना नाम श्री प्रेमसिंह निवासी - कोटद्वार बताया गया है।

श्री प्रेम सिंह से वार्ता करने पर उनके द्वारा बताया गया है कि उक्त आम वृक्षो पर लगभग 3 दिन पूर्व मे स्प्रे किया गया है। छिड़काव किये गये रसायन की जानकारी उनके द्वारा नही दि गयी है। इनके द्वारा बताया गया है बाग मालिकों द्वारा उनको बाग की देख रेख के लिए छोड़ा गया है। उक्त व्यक्ति द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि उक्त सहारा ग्रुप प्राइम सिटी लि० भूमि के मालिक 5 या 6 व्यक्ति है जो कहीं बाहर रहते है।

अतः महोदय को अवगत कराना है कि छिड़काव किये गये रसायन की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नही हो पाई है। उक्त सूचना महोदय कि सेवा मे सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित !

भवदीय
प्रभारी
उ0स0द0के0
बहादराबाद

प्रतिलिपि :- थाना प्रभारी थाना - बहादराबाद, हरिद्वार की सेवा मे सादर सूचनार्थ प्रेषित !

प्रभारी
उ0स0द0के0
बहादराबाद

अर्थ दण्ड आदेश

श्री ए0 एस0 बिष्ट निवासी एफ–102 लक्ष्मीपार्क नागलोई दिल्ली मौजा स्थित बहादरावाद जिला हरिद्वार द्वारा बिना विभाग की अनुमति के अपने बाग से 83 जीवित आम वृक्षों का पातन किये जाने पर की गई विभागीय कार्यवाही में दोषी पाये गये, उक्त जीवित वृक्षों को सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के अभाव में पातन किया गया है, जो कि भारतीय वन (उत्तरांचल संशोधन) संरक्षण अधिनियम की धारा 42 की उपधार (1) का स्पष्ठ उल्लंघन है।

अतः अधिनियम के उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर मै मुख्य उद्यान अधिकारी,हरिद्वार शासनादेश संख्या 927/IX-3-2012 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये श्री श्री ए0 एस0 बिष्ट निवासी एफ–102 लक्ष्मीपार्क नागलोई दिल्ली मौजा स्थित बहादरावाद के विरूद्ध 83 जीवित वृक्षों के पातन पर रू0, 5000.00 प्रति वृक्ष की दर से कुल धनराशि रू0, 415000.00 (चार लाख पन्द्रह हजार) का अर्थ दण्ड निर्धारित करते हुये उन्हे निर्देशित करता हूँ कि वे तत्काल रू0 415000.00 (चार लाख पन्द्रह हजार) मात्र रोकडिया कार्यालय मुख्य उद्यान अधिकारी कमरा न0–78 विकास भवन, रोशनाबाद में जमा करना सुनिश्चित करें।

(नरेन्द्र कुमार यादव)
मुख्य उद्यान अधिकारी,
हरिद्वार

कार्यालय मुख्य उद्यान अधिकारी हरिद्वार

पत्रांक 267 /अवैध पातन/2022–23 दिनांक हरिद्वार 06-05- 2022

प्रतिलिपिः–1– श्री ए0 एस0 बिष्ट निवासी एफ–102 लक्ष्मीपार्क नागलोई दिल्ली मौजा स्थित बहादरावाद जिला हरिद्वार को उपरोक्तानुसार अनुपलनार्थ।

2– रोकडिया मुख्यालय को इस निर्देश के साथ कि रू0 415000.00(चार लाख पन्द्रह हजार) मात्र श्री ए0 एस0 बिष्ट निवासी एफ–102 लक्ष्मीपार्क नागलोई दिल्ली मौजा स्थित बहादरावाद जिला हरिद्वार से प्राप्त कर विभागीय 'कैश रसीद उपलब्ध कराते हुये धनराशि विभागीय लेखाशीर्षक में जमा करना सुनिश्चित करें

3– प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र बहादरावाद

4– थाना प्रभारी बहादराबाद हरिद्वार

मुख्य उद्यान अधिकारी,
हरिद्वार

सेवा में,

प्रभारी उद्यान सचल दल

केन्द्र बहादराबाद

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि **चिरायुइस्टेट एण्ड डेवलेपमेंट प्रा0लि0/सायरस इस्टेट एण्ड रीयलिटी प्रा0लि0/दीपिशा रीयलिटी एण्ड लीजिंग प्रा0लि0/धनन्जय इस्टेट एण्ड रीयलिटी प्रा0लि0/देवदत्त इस्टेट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट प्रा0लि0/ धर्मवीर डेवलपमेन्ट एण्ड रीयलिटी प्रा0लि0/ दत्तात्रेया इस्टेट एण्ड रीयलिटी प्रा0लि0/सहारा इण्डिया/ए0एस0** बिष्ट जमीन पर आम बाग स्थित बहादराबाद से ठेकेदार को रोग ग्रस्त एवं सूखे दो से तीन पेड़ो को हटाने के लिए कहा गया था परन्तु ठेकेदार के द्वारा मेरी अनुपस्थिति में आम के वृक्षों का भी पातन कर दिया गया है जिसकी हमें जानकारी नही थी। अतः महोदय से निवेदन है कि उक्त पातान किये गये पेड़ो का अर्थदण्ड/जुर्माना जमा करा कर उक्त प्रकरण यहीं समाप्त करने की कृपा करें तथा भविष्य में इस प्रकार की पुर्नवृत्ती नही की जाएगी।

पत्रांक 42 ल
dt
26/05/2022.

उक्त प्रकरण के सापेक्ष अवैध आम वृक्ष पातन का प्रति वृक्ष अर्थदण्ड रु.-5000=00 की दर से कुल 83 आम वृक्षो का कुल अर्थदण्ड रु 83×5000=415000=00 (चार लाख पन्द्रह हजार रुपये मात्र) जमा कराने की संस्तुति की जाती है।

[signature]
प्रभारी
उ0स0द0केन्द्र
बहादराबाद

निवेदक

M/s Cyrus Estate & Reality Pvt. Ltd.

A.S. Bisht

ए0एस0 बिष्ट

निवासी–एफ.102
लक्ष्मीपार्क नांगलोई
दिल्ली–110041

Mob no.- 9837100431
9412998687

सेवा में,

श्री एस.एस.सन्धू जी
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार देहरादून।

कं०स० (पातन)
मु० उ० अ०
26/4/22

सन्दर्भ :– पत्रांक / दिनांक 21.04.2022 का अवलोकन करें।

विषय :– सहारा इण्डिया लि० मुम्बई के ग्राम बहादराबाद हरिद्वार में फलदार आम के 30 पेड़ काटने विषयक

महोदय,

निवेदन है कि सहारा इण्डिया लि. मुम्बई की ग्राम व मौजा बहादराबाद, तहसील व जिला हरिद्वार में लगभग 500 बीघे के जमीन निकट रघुनाथ मॉल एन.एच. 58 (334) बाईपास से लगी हुई है जो खसरा नं0 316, 317, 318 मौजा बहादराबाद में स्थित है, दिनांक 05.04.2022 को उक्त कम्पनी ने 50 पेड़ पर दवाई डालकर हरे भरे आम के पेड़ों को सुखा दिया तथा उनमें से 30 पेड़ आम के दिनांक 22.04.2022 व 23.04.2022 को रात में काट दिये ताि जे.बी.सी. से जड़ उखाड कर उस स्थान पर जुताई कर दी ताकि निशानदेही मिट जाये, यह स्थान बहादराबाद थाने से 150 मीटर की दूरी पर स्थित है, हरे फलदार आम को काटने में थाना बहादराबाद, वनाधिकारी हरिद्वारब, उद्यान अधिकारी की सांठ–गांठ से पेड़ काटे जा रहे हैं तथा हरे आम के पेड़ों की लकड़िया कलियर शरीफ चिरान मशीन में बेचा जा रहा है।

अतः निवेदन है कि मौके पर जाकर इसकी जांच एस.आई.टी उत्तराखण्ड सतर्कता विभाग/ सी.बी.आई से कराकर थाना बहादराबाद उद्यान विभाग व वन विभाग हरिद्वार के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सादर धन्यवाद।

दिनांक 25.4.22

निवेदक
NK
नरेश कुमार
सह सचिव
भारतमाता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड
बहादराबाद हरिद्वार

प्रतिलिपि :–

1. श्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।
2. प्रमुख वन संरक्षक, हॉफ वन अनुभाग–3 देहरादून।
3. पुलिस महानिदेशक, देहरादून।
4. पी.एम.ओ. नई दिल्ली
5. वन एवं पर्यावरण मन्त्रालय नई दिल्ली
6. पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड सतर्कता विभाग, देहरादून।
7. पुलिस अधिकारी, सी.बी.आई, देहरादून।
8. दैनिक अमर उजाला, देहरादून।
9. दैनिक नवभारत टाईम्स, देहरादून।
10. डॉ नरेन्द्र यादव, मुख्य उद्यान अधिकारी रोशनाबाद रोड़ा

सेवा में,　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक : 21.4.22

श्रीमान मुख्य सचिव,

उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।

विषय : **सहारा इण्डिया लि0 ने ग्राम-बहादराबाद तहसील व जिला हरिद्वार में आम के बाग में पेड़ सुखाने वाली दवा/तेजाब द्वारा 50 पेड़ों को सुखाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन है कि सहारा इण्डिया लि0 ने ग्राम बहादाबाद, तहसील व जिला हरिद्वार के लगभग 500 बीघे जमीन वर्ष 2005 में खरीद ली गई जिसमें अधिकांश में बाग, आम के पेड खेड़े है। सहारा इण्डिया लि0 कम्पनी ने बाग आम को समाप्त करने तथा वहां पर रेजीडेन्शल कालोनी के लिए बाग आम के 50 पेड़ों को जो खसरा नं0 316, 317, 318, 319 व 320 में दर्ज हैं को दवाई डालकर सुखा दिया है जिस पर ब्लाक बहादराबाद के उद्यान प्रभारी मासूम अली ने घूस लेकर मामले को रफा-दफा कर दिया है। इसी प्रकार वन विभाग बहादराबाद हरिद्वार ने इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की है।

अतः निवेदन है कि उक्त खसरा नम्बरों को अवलोकन कर सहारा इण्डिया लि0, उद्यान विभाग, वन विभाग पर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

धन्यवाद !

प्रार्थी

सुनील चौहान

(सुनील कुमार चौहान)

भारत माता अभिनन्दन संगठन

उत्तराखण्ड, बहादराबाद

**प्रतिलिपि :**

1. माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।
2. जिलाधिकारी, हरिद्वार
3. सचिव, वन देहरादून।
4. मुख्य वन संरक्षक, देहरादून।
5. वन अधिकारी हरिद्वार
6. मुख्य उद्यान अधिकारी, रोशनाबाद, हरिद्वार

विद्युत/अभि० ·C

कार्यालय मुख्य उद्यान अधिकारी, हरिद्वार

680 /शिकायत/2022–23/, दिनॉक हरिद्वार, 03/07/2023

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद हरिद्वार।

विषयः– शिकायती पत्र विषयक।

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक–शि0प्र0/एस0एस0पी0/ ओ0बी0न0–18/22/दिनॉक 12–4–2023 के कम में आवेदक श्री नरेश कुमार सह सचिव भारतमाता अभिनन्दन संगठन उत्तराखण्ड बहादराबाद हरिद्वार दिनॉक 25–05–2022 द्वारा प्रेषित शिकायती पत्र की जॉच इस अधिष्ठान के अधीनष्त ज्ये0उ0 निरी0 रूडकी व उ0निरी0 बहादराबाद द्वारा करायी गयी (संलग्न छाया प्रति) जिसमें उद्यान अधिकारी द्वारा 5000.00प्रति पेड की दर से 83X5000=415000.00 का जुर्माना जमा कराया गया। (छाया प्रति संलग्न) कम्पनी द्वारा उपलब्ध नक्शा छाया प्रति संलग्न है

अतः उपरोक्त पत्र पर की गयी कार्यावाही आपकी सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नः– यथोक्त।

भवदीय

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार

पत्रांक 680 /तद्‌दिनॉकित।

प्रतिलिपि– श्री नरेश कुमार,सह सचिव,भारतमाता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड,बहादराबाद हरिद्वार को सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार

प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र - बहादराबाद
कार्यालय पत्रांक 32 / पातन जाँच / 2023-24 दिनांक 22-6-2023

सेवा में

मुख्य उद्यान अधिकारी - हरिद्वार

विषय: शिकायती प्रार्थनापत्र के परिपेक्ष जाँच रिपोर्ट प्रेषण बावत

महोदय,

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार पत्रांक शी०प्र०/एस.एसपी. ओ०सी० नं०- 18/22 (HC/CM) दिनांक 12.4.2023 के परिपेक्ष्य एवं आपके कार्यालय पत्रांक 361 / पातन जाँच दिनांक 27-5-2023 के परिपालन में श्री आर०पी० जसोला ज्येष्ठ निरीक्षक उद्यान एवं पवन चौहान उद्यान निरीक्षक स्वंम ने दिनांक 16/6/23 को शिकायती स्थल सहारा इंडिया लि० खसरा सं० 316, 317, 318 का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें जाँच द्वारा निम्न सूचनाएँ प्राप्त हुई:-

(i) उपरोक्त अंकित खसरा संख्या में जो वृक्ष काटे गये थे उनके परिपेक्ष में उद्यान अधिकारी हरिद्वार द्वारा प्रति आम वृक्ष अधिकतम जुर्माना 5000/- प्रति वृक्ष आदेशित कर धनराशी राजस्व के रूप में कम्पनी द्वारा जमा करायी गयी थी जिसकी रसीद संलग्न है (83 वृक्ष x 5000 = 415000-रु)

(ii) वर्तमान में खसरे का कुछ भूभाग खाली है, बाकी में प्लाटिंग (Plotting) की जा रही है जिसके परिपेक्ष मे कम्पनी द्वारा अधिकृत दस्तावेज लैंड उपलब्ध कराया गया है जो इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

(आर० पी० जसोला)
ज्येष्ठ निरीक्षक उद्यान

उद्यान पातन
30/06/2023

प्रभारी
उ०स०द०केन्द्र
बहादराबाद

ओ0ए0बी0–2

# उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तराखण्ड

कैश रसीद बुक

पुस्तक संख्या ........ रसीद संख्या 074718 दिनांक 06/05/2022

श्री/मै0 ए०एस० बिष्ट निवासी F-102, लक्ष्मीपार्क, नागलोई दिल्ली से रु0 415000-00

(शब्दों में) मौजा रसीद बहादराबाद हरिद्वार से प्राप्त हुई।

| क्र0 सं0 | बेची गयी वस्तुओं / किये गये काम का वर्णन | परिमाण | मूल्य दर | धनराशि रु0 | धनराशि पै0 | प्रपत्री (Ledger) पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री ए.एस.बिष्ट द्वारा फलदार पेड़ों के अवैध पातन के कारण लगाये गये अर्थदण्ड की धनराशि जमा (CHO के आदेश सं0 267 दिनांक 06.05.2022 के क्रम में) | | ₹ | 415000 | 00 | |
| | योग रु0 (चार लाख पन्द्रह हजार मात्र) | | ₹ | 415000 | 00 | |

प्रतिहस्ताक्षरित 06/05/2022

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार
प्रभारी/कार्यालयाध्यक्ष

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
मुहर सहित।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 1 उद्यान / 104–5–7–2011–5,000 बुक्स (कम्प्यूटर / ऑफसेट)।

# कार्यालय मुख्य उद्यान अधिकारी हरिद्वार।

पत्रांक 361 /पातन जांच/2023–24/ दिनांक 27 मई,2023

1– श्री आर0पी0जसोला,
ज्ये0उ0निरी0,उ0स0द0केन्द्र, रूडकी।
2– श्री पवन चौहान,
उ0निरी0,उ0स0द0केन्द्र, बहादराबाद।

विषयः– **शिकायती प्रार्थनापत्र की जांच के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के पत्रांक शि0प्र0/एस0एस0पी0/ओ0बी0नं0– 18/22(HC/CM) दिनांक 12.04.2023 शिकायतकर्ता श्री नरेश कुमार, सहसचिव भारतमाता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड बहादराबाद, हरिद्वार द्वारा प्रेषित शिकायती प्रार्थनापत्र दिनांक 25.05.202 से सम्बन्धित है। जो कि जिलाधिकारी हरिद्वार के पत्रांक 274/CC दिनांक 24.05.2023 के माध्यम से इस कार्यालय को दिनांक 25.05.2023 को प्राप्त हुआ है, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि सहारा इण्डिया लि0 मुम्बई की ग्राम व मौजा बहादराबाद तहसील व जिला हरिद्वार में लगभग 500 बीघा जमीन निकट रघुनाथ मॉल एन0एच0 58(334) बाईपास से लगी हुई है जो खसरा नं0 316,317,318 मौजा बहादराबाद में स्थित है, दिनांक 05.04.2022 को उक्त कंपनी ने 50 पेड पर दवाई डालकर हरे भरे आम के पेडों को सुखा दिया तथा उनमें से 30 पेड आम के दिनांक 22.04.22 व 23.04.22 को रात में काट दिये तथा जे0सी0बी0 से जड उखाड कर उस स्थान पर जुताई कर दी ताकि निशानदेही मिट जाये, यह स्थान बहादराबाद थाने से 150मीटर की दूरी पर स्थित है। हरे फलदार आम के पेडों को काटने में थाना बहादराबाद, वनाधिकारी हरिद्वार, उद्यान अधिकारी की सांठ गांठ से पेड काटे जा रहे हैं तथा हरे पेडों की लकडियां कलियर शरीफ चिरान मशीन में बेचा जा रहा है।

अतः उक्त शिकायत के क्रम आपको निर्देशित किया जाता है कि आप स्थलीय निरीक्षण /जांच कर आख्या इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्न– शिकायती प्रार्थनापत्र मूल में।**

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार

पत्रांक 361 /दिनांकित

प्रतिलिपिः– 1– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार की सेवा में उनके उक्त पत्र के क्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– जिलाधिकारी, हरिद्वार की सेवा में उक्तानुसार सादर सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य उद्यान अधिकारी
हरिद्वार

क० प्र० (पातन)
कृ०अ० करें
25/5/23

जॉच हेतु

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार।

पत्रांक–शि०प्र० / एस०एस०पी० / ओ०बी०नं०-- 18/22 (HC/CM) / दिनॉक- 12/4/23

सेवा में,
जिलाधिकारी
जनपद- हरिद्वार

अवगत कराना है कि आवेदक– नरेश कुमार सह सचिव भारत माता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड बहादराबाद हरिद्वार दिनॉक–25/5/22 द्वारा प्रेषित शिकायती प्रार्थना–पत्र जॉच कराये जाने विषयक प्राप्त हुआ है। उक्त शिकायती प्रार्थना–पत्र की जॉच क्षेत्राधिकारी / को० / थाना बहादराबाद जनपद हरिद्वार, ने अपनी जॉच आख्या के माध्यम से अवगत कराया है कि उक्त शिकायती प्रार्थना–पत्र का सम्बन्ध राजस्व विभाग से है।

अतः उक्त शिकायती प्रार्थना–पत्र इस आशय से आपको प्रेषित किया जा रहा है कि आप सम्बन्धित प्रकरण में अपने स्तर से जॉच / आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित कर बाद जॉच कृत कार्यवाही, से आवेदक को व इस कार्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करे।

संलग्नकः मूल प्रार्थना–पत्र यथोपरि।
कुल–05 वर्क

कृते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद हरिद्वार

संख्या 274/CC दिनांक 24-5-23
सेवा में,
DFO, जिला उद्यान अधिकारी (H)
(H)
कृ० आ० का० करें। कृत कार्यवाही से प्रार्थी एवं कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

प्रभारी अधिकारी (शिकायत)
कृते जिलाधिकारी हरिद्वार

कार्यालय क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार।

पत्रांकः– सीओजे–जांच–शि0प्र0–29/2022
दिनांकः अक्टूबर, 08, 2022।

सेवा में,

पुलिस उपमहानिरीक्षक/
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
जनपद हरिद्वार।

महोदय,

कृपया अपने पत्रांकः शि0प्र0/एसएसपी/जांच/एचसी/सीएम–ओ0बी0नं0–18/2022 दिनांक 25.05.2022 का संन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो आवेदक श्री नरेश कुमार, सह सचिव, भारतमाता अभिन्नदन संगठन, उत्तराखण्ड, बहादराबाद, जनपद हरिद्वार द्वारा प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों के सम्बन्ध में जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक है।

<u>सन्दर्भ</u>– पत्रांकः शि0प्र0/एसएसपी/एचसी–सीएम–ओबीन–18/2022 दिनांक 25.05.2022।

<u>प्रार्थना पत्र प्राप्ति का दिनांक</u>– 25.05.2022।

<u>प्रार्थना पत्र में निस्तारण हेतु पृष्ठांकित समयावधि</u>– 07 दिवस।

<u>आवेदक का नाम व पता</u>:– श्री नरेश कुमार, सह सचिव, भारतमाता अभिन्नदन संगठन, उत्तराखण्ड, बहादराबाद, जनपद हरिद्वार।

<u>विपक्षी का नाम व पता</u>– उद्यान एवं वन विभाग जनपद हरिद्वार।

<u>आरोप का सक्षिप्त विवरण</u>– विपक्षी विभाग की सांठ–गांठ में पेड़ों का काटा जाना।

<u>जांच अधिकारी का नाम व पद</u>–सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर जनपद हरिद्वार।

<u>दस्तावेजी/अभिलेखीय साक्ष्य अथवा अन्य साक्ष्य यदि कोई हो</u>– थानाध्यक्ष बहादराबाद, जनपद हरिद्वार से प्राप्त आख्या की छायाप्रति।

<u>जांच का विवरण/निष्कर्ष</u>:–

जांच/जानकारी एवं थानाध्यक्ष बहादराबाद, जनपद हरिद्वार के माध्यम से प्राप्त आख्या का अवलोकन करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये हैं कि थाना बहादराबाद क्षेत्रांतर्गत सहारा इण्डिया लि0 की भूमि पर लगे 50 फलदार पेड़ों को दवाई डालकर सुखाकर काटने के सम्बन्ध में आवेदक श्री नरेश कुमार, सह सचिव, भारतमाता अभिन्नदन संगठन, उत्तराखण्ड, बहादराबाद, जनपद हरिद्वार व संलग्न प्रार्थना पत्र में अंकित आवेदक श्री सुनील कुमार चौहान, भारतमाता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड, बहादराबाद, जनपद हरिद्वार द्वारा उद्यान विभाग के ए0डी0ओ0 श्री मासूम अली एवं वन विभाग के विरूद्ध अरोप अंकित किये गये है। प्रकरण अन्य विभाग से सम्बन्धित है, जिसमें सम्बन्धित विभाग से जांच कराया जाना समीचीन प्रतीत होता है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र में वर्तमान समय में अन्य किसी पुलिस कार्रवाही की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती हैं।

अतः आख्या मय मूल संलग्नकों के अवलोकनार्थ हेतु सेवा में सादर प्रेषित है।

<u>संलग्नकः यथोपरि।</u>

(रेखा यादव)
सहायक पुलिस अधीक्षक/
क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर,
जनपद हरिद्वार।

रिपोर्ट थाना बहादराबाद हरिद्वार

सेवा में,

श्रीमान डी.आई.जी./एस.एस.पी. महोदय,

जनपद- हरिदवार उतराखंड।

विषय- शिकायती प्रार्थना-पत्र शि.प्र./ए.एस. पी./ पी.एच. क्यू./OBN/684/22 दिनाकं 16/05/2022 के सन्दर्भ में रिपोर्ट/ जाँच आख्या।

आवेदक- सुनिल कुमार चौहान निवासी- भारत माता अभिनन्दन संगठन बहादराबाद हरिदवार उतराखँड।

प्रतिवादि- उघान प्रभारी श्री मासूम अली बहादराबाद।

शिकायत- उधान विभाग के अधिकारी दवारा रिश्वत ले कर पैडो को कटाना आदि।

जाँच आख्या/ रिपोर्ट- महोदय, उक्त प्रार्थना-पत्र कि जाँच मुझ उ.नि. दवारा कि गयी है। आवेदक दवारा उघान विभाग के A.D.O. श्री मासूम अली पर गम्भीर आरोप लगाये गये है। महोदय उक्त मामला उघान विभाग से सम्वन्धीत है। जिसकी जाँच सम्वन्धीत विभाग से करायी जानी न्यायहीत में सही होगा। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र कि जाँच सम्भन्धीत विभाग से करायी जाय। अन्य कोई पुलिस कार्यवाही अपेछित नही है।

रिपोर्ट सादर सेवा में प्रेषित है।

15/9/22

उ.नि./ चौकी प्रभारी

आनन्द मेहरा

चौकी- बाजार

थाना- बहादराबाद।

श्रीमान जी

अग्रसारित है।

थानाध्यक्ष

बहादराबाद

जनपद-हरिद्वार

15/9/22

मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग-2 4150 दिनांक 25.4.22

श्री एस.एस.सन्धू जी

मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार देहरादून।

सन्दर्भ :– पत्रांक / दिनांक 21.04.2022 का अवलोकन करें।

विषय :– सहारा इण्डिया लि0 मुम्बई के ग्राम बहादराबाद हरिद्वार में फलदार आम के 30 पेड़ काटने विषयक

महोदय,

निवेदन है कि सहारा इण्डिया लि. मुम्बई की ग्राम व मौजा बहादराबाद, तहसील व जिला हरिद्वार में लगभग 500 बीघे के जमीन निकट रघुनाथ मॉल एन.एच. 58 (334) बाईपास से लगी हुई है जो खसरा नं0 316, 317, 318 मौजा बहादराबाद में स्थित है, दिनांक 05.04.2022 को उक्त कम्पनी ने 50 पेड़ पर दवाई डालकर हरे भरे आम के पेड़ों को सुखा दिया तथा उनमें से 30 पेड़ आम के दिनांक 22 04.2022 व 23.04.2022 को रात में काट दिये तथा जे.बी.सी. से जड़ उखाड कर उस स्थान पर जुताई कर दी ताकि निशानदेही मिट जाये, यह स्थान बहादराबाद थाने से 150 मीटर की दूरी पर स्थित है, हरे फलदार आम को काटने में थाना बहादराबाद, वनाधिकारी हरिद्वारन, उद्यान अधिकारी की सांठ–गांठ से पेड़ काटे जा रहे हैं तथा हरे आम के पेड़ों की लकड़िया कलियर शरीफ चिरान मशीन में बेचा जा रहा है।

अतः निवेदन है कि मौके पर जाकर इसकी जांच एस.आई.टी उत्तराखण्ड सतर्कता विभाग / सी.बी.आई से कराकर थाना बहादराबाद, उद्यान विभाग व वन विभाग हरिद्वार के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सादर धन्यवाद।

पत्रांक ......SSP/जाँच OB ...18 दिनांक 25/5/22
कृ0 जाँच कर कार्यवाही की आख्या दिवस में उपलब्ध कराये।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
कार्य0 व0पु0अधी0हरिद्वार

निवेदक

नरेश कुमार

सह सचिव

भारतमाता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड

बहादराबाद हरिद्वार

प्रतिलिपि :–

1. श्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।
2. प्रमुख वन संरक्षक, हॉफ वन अनुभाग–3 देहरादून।
3. पुलिस महानिदेशक, देहरादून।
4. पी.एम.ओ. नई दिल्ली
5. वन एवं पर्यावरण मन्त्रालय नई दिल्ली
6. पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड सतर्कता विभाग, देहरादून।
7. पुलिस अधिकारी, सी.बी.आई, देहरादून।
8. दैनिक अमर उजाला, देहरादून।
9. दैनिक नवभारत टाईम्स, देहरादून।

सं. दिनांक : 21·4·22

श्रीमान मुख्य सचिव,

उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।

विषय : **सहारा इण्डिया लि0 ने ग्राम-बहादराबाद तहसील व जिला हरिद्वार में आम के बाग में पेड़ सुखाने वाली दवा/तेजाब द्वारा 50 पेड़ों को सुखाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन है कि सहारा इण्डिया लि0 ने ग्राम बहादाबाद, तहसील व जिला हरिद्वार के लगभग 500 बीघे जमीन वर्ष 2005 में खरीद ली गई जिसमें अधिकांश में बाग, आम के पेड खेड़े है। सहारा इण्डिया लि0 कम्पनी ने बाग आम को समाप्त करने तथा वहां पर रेजीडेन्शल कालोनी के लिए बाग आम के 50 पेड़ों को जो खसरा नं0 316, 317, 318, 319 व 320 में दर्ज हैं को दवाई डालकर सुखा दिया है जिस पर ब्लाक बहादराबाद के उद्यान प्रभारी मासूम अली ने घूस लेकर मामले को रफा-दफा कर दिया है। इसी प्रकार वन विभाग बहादराबाद हरिद्वार ने इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की है।

अत: निवेदन है कि उक्त खसरा नम्बैरों को अवलोकन कर सहारा इण्डिया लि0, उद्यान विभाग, वन विभाग पर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

धन्यवाद !

प्रार्थी

(सुनील कुमार चौहान)
भारत माता अभिनन्दन संगठन
उत्तराखण्ड, बहादराबाद

**प्रतिलिपि :**

1. माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।
2. जिलाधिकारी, हरिद्वार
3. सचिव, वन देहरादून।
4. मुख्य वन संरक्षक, देहरादून।
5. वन अधिकारी हरिद्वार
6. उद्यान अधिकारी, रोशनाबाद, हरिद्वार

# कार्यालय उप वन संरक्षक, हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार।

दूरभाष / फैक्स 01334 226271, email : dfo_hardwar@rediffmail.com

पत्र संख्याः– 4742 / 21-5 हरिद्वार दिनांक : 29/05/ 2023

सेवा में,

जिला उधान अधिकारी
हरिद्वार।

विषय :– **सहारा इण्डिया लि0 मुम्बई के ग्राम बहादराबाद हरिद्वार में आम के 30 वृक्ष काटने के सम्बन्ध में।**

संदर्भः **प्रभारी अधिकारी, (शिकायत)/ कृते जिलाधिकारी, हरिद्वार का मूल पत्रांक 274, दिनांक 24.05.2023**

उपरोक्त विषयक शिकायत पत्र जो श्री नरेश कुमार सह सचिव द्वारा मुख्य सचिव देहरादून को सम्बोधित कर लिखा गया है, उक्त शिकायत पत्र की जांच आख्या संदर्भित पत्र के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुई है। जांच आख्या के अनुसारं आम फलदार वृक्षों के सूखाने/काटने का मामला से सम्बन्धित शिकायत है, के क्रम में अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड शासन वन एवं पर्यावरण अनुभाग–3 के आदेश संख्या–927/X–3–2012/21(08)2010, दिनांक 30 नवम्बर 2012 से फलदार वृक्षों के पातन हेतु जिला उधान अधिकारी प्राधिकृत है।

अतः विषयक शिकायत पत्र मय संलग्नकों सहित मूल संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि प्रकरण की जांच कर जांच आख्या सम्बन्धित विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नः उपरोक्तानुसार**

(मयंक शेखर झा)
उप वन संरक्षक,
हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार

पत्रांक 4742/ तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः प्रभारी अधिकारी, (शिकायत), कृते जिलाधिकारी, हरिद्वार को उनके मूल पत्रांक 274/दिनांक 24.05.2024 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(मयंक शेखर झा)
उप वन संरक्षक,
हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार

जॉच हेतु

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार ।

पत्रांक–शि0प्र0 / एस0एस0पी0 / ओ0बी0नं0– 18/22 (HC/CM) / दिनॉक– 12/4/23

सेवा में,
जिलाधिकारी
जनपद- हरिद्वार

अवगत कराना है कि आवेदक– नरेश कुमार सह सचिव भारत माता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड बहादराबाद हरिद्वार
दिनॉक– 25/5/22 द्वारा प्रेषित शिकायती प्रार्थना–पत्र जॉच कराये जाने विषयक प्राप्त हुआ है। उक्त शिकायती प्रार्थना–पत्र की जॉच क्षेत्राधिकारी / को0 / थाना बहादराबाद ....जनपद हरिद्वार, ने अपनी जॉच आख्या के माध्यम से अवगत कराया है कि उक्त शिकायती प्रार्थना–पत्र का सम्बन्ध राजस्व विभाग ......से है।

अतः उक्त शिकायती प्रार्थना–पत्र इस आशय से आपको प्रेषित किया जा रहा है कि आप सम्बन्धित प्रकरण में अपने स्तर से जॉच / आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित कर, बाद जॉच कृत कार्यवाही, से आवेदक को व इस कार्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

प्रभागीय वनाधिकारी हरिद्वार
पंजीकृत सं० 8206
पत्रावली सं० 21-5
दिनांक – 26/05/23

संलग्नकः मूल प्रार्थना–पत्र यथोपरि।
कुल–05 वर्क

कृते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद हरिद्वार

संख्या 274/CC दिनांक 24-5-23
सेवा में,
DFO, जिला उद्यान अधिकारी (H)
(H)
कृ0 आ0 का0 करें। कृत कार्यवाही से प्रार्थी एवं कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

प्रभारी अधिकारी (शिकायत)
कृते जिलाधिकारी हरिद्वार

TC
उद्यान
26/05/23

(28)

(44)

कार्यालय क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार। पत्रांकः– सीओजे–जांच–शि0प्र0–29/2022
दिनांकः अक्टूबर, 08, 2022।

सेवा में,

पुलिस उपमहानिरीक्षक/
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
जनपद हरिद्वार।

महोदय,

कृपया अपने पत्रांकः शि0प्र0/एसएसपी/जांच/एचसी/सीएम–ओ0बी0नं0–18/2022 दिनांक 25.05.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो आवेदक श्री नरेश कुमार, सह सचिव, भारतमाता अभिन्नदन संगठन, उत्तराखण्ड, बहादराबाद, जनपद हरिद्वार द्वारा प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों के सम्बन्ध में जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक है।

**सन्दर्भ**– पत्रांकः शि0प्र0/एसएसपी/एचसी–सीएम–ओबीन–18/2022 दिनांक 25.05.2022।

**प्रार्थना पत्र प्राप्ति का दिनांक**– 25.05.2022।

**प्रार्थना पत्र में निस्तारण हेतु पृष्ठांकित समयावधि**– 07 दिवस।

**आवेदक का नाम व पताः**– श्री नरेश कुमार, सह सचिव, भारतमाता अभिन्नदन संगठन, उत्तराखण्ड, बहादराबाद, जनपद हरिद्वार।

**विपक्षी का नाम व पता**– उद्यान एवं वन विभाग जनपद हरिद्वार।

**आरोप का सक्षिप्त विवरण**– विपक्षी विभाग की सांठ–गांठ में पेड़ों का काटा जाना।

**जांच अधिकारी का नाम व पद**–सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर जनपद हरिद्वार।

**दस्तावेजी/अभिलेखीय साक्ष्य अथवा अन्य साक्ष्य यदि कोई हो**– थानाध्यक्ष बहादराबाद, जनपद हरिद्वार से प्राप्त आख्या की छायाप्रति।

**जांच का विवरण/निष्कर्षः**–

जांच/जानकारी एवं थानाध्यक्ष बहादराबाद, जनपद हरिद्वार के माध्यम से प्राप्त आख्या का अवलोकन करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये हैं कि थाना बहादराबाद क्षेत्रांतर्गत सहारा इण्डिया लि0 की भूमि पर लगे 50 फलदार पेड़ों को दवाई डालकर सुखाकर काटने के सम्बन्ध में आवेदक श्री नरेश कुमार, सह सचिव, भारतमाता अभिन्नदन संगठन, उत्तराखण्ड, बहादराबाद, जनपद हरिद्वार व संलग्न प्रार्थना पत्र में अंकित आवेदक श्री सुनील कुमार चौहान, भारतमाता अभिनन्दन संगठन, उत्तराखण्ड, बहादराबाद, जनपद हरिद्वार द्वारा उद्यान विभाग के ए0डी0ओ0 श्री मासूम अली एवं वन विभाग के विरूद्ध अरोप अंकित किये गये है। प्रकरण अन्य विभाग से सम्बन्धित है, जिसमें सम्बन्धित विभाग से जांच कराया जाना समीचीन प्रतीत होता है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र में वर्तमान समय में अन्य किसी पुलिस कार्रवाही की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती हैं।

अतः आख्या मय मूल संलग्नकों के अवलोकनार्थ हेतु सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नकः यथोपरि।

(रेखा यादव)
सहायक पुलिस अधीक्षक/
क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर,
जनपद हरिद्वार।

# उद्धरण खसरा

नकल खसरा ग्राम अहादराबाद परगना ज्वालापुर तहसील हरिद्वार जिला हरिद्वार सन् 1429 सन फसली सम्बन्धी

| खेत की संख्या | क्षेत्रफल हेक्टेयर या बन्दोबस्ती बीघों में | खतौनी की संख्या | खतौनी के भाग 1 के वर्गीकरण के अनुसार खातेदार का नाम | खतौनी के भाग 1 के वर्गीकरण के अनुसार खातेदार का नाम (यदि कोई हो) | सिंचाई का साधन | क्षेत्रफल खरीफ फसल का नाम | खरीफ सिंचित | खरीफ असिंचित | रबी फसल का नाम | रबी सिंचित | रबी असिंचित | जायद फसल का नाम | जायद सिंचित | जायद असिंचित | दो फसली क्षेत्रफल सिंचित | दो फसली क्षेत्रफल असिंचित | अकृषिक भूमि भूमि की श्रेणी | अकृषिक भूमि क्षेत्रफल | खेत के पूरे बढ़े हुए पेड़ों की संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 286 | 1.436 | 55<br>1.862 | चिरायु स्टेट एण्ड डेवलपर प्रा०लि० सहारा इण्डिया प्राईड साफल स्टेट एण्ड रियाल्टी प्रा०लि० सहारा इण्डिया प्राईड दीपिका रियल्टी एण्ड मीडिया प्रा०लि०, सहारा इण्डिया धनन्जय इस्टेट एण्ड रियल्टी प्रा०लि० सहारा इण्डिया प्राईड वेदन्त प्रा०लि० सहारा इण्डिया प्राईवेट इस्टेट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट प्रा०लि० द्वारा सहारा इण्डिया प्राईवेट धर्मवीर डेवलपमेन्ट एण्ड रियल्टी प्रा०लि० सहारा इण्डिया प्राईवेट दत्तात्रेय इस्टेट एण्ड रियल्टी प्रा०लि० सहारा इण्डिया प्राईवेट द्वारा ए०एस०विहार | — | | | | | | | | | | | | — | नम्बर | 1.862 | — | — |
| 319/2 | 0.620 | 55 | चिरायु स्टेट आदि क्र० नं० 286 | — | | | | | | | | | | | | — | | | आम 30 | — |
| 320 | 0.236 | 2 | चिरायु स्टेट आदि क्र० नं० 286 | — | | | | | | | | | | | | | | — | आम 02 | — |
| 321 | 1.[illegible] | 55 | चिरायु स्टेट आदि क्र० नं० 286 | — | | | | | | | | | | | | | | | आम 30 | — |

नकल मुताबिक असल के है। प्रमाणित किया।

नकल मुताबिक असल ...

संदीप कुमार
राजस्व उपनिरीक्षक
क्षेत्र-
तहसील व जिला हरिद्वार